# बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 26.10.2021 को अपरान्हह 01.00 बजे ककोर मुख्यालय, औरैया में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयीं।

एजेंडा बिंदुः–

1. जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा।
2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तैयार की गयी डी0पी0आर0 की स्थिति।
3. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अद्यतन तक तैयार डी0पी0आर0 का अनुमोदन।
4. अन्य बिंदु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

<u>एजेंडा बिंदु संख्या 01:–</u>

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत पूर्व में की गयी बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत अद्यतन प्रगति की दिये गये निर्देशों के बारे में समीक्षा की गयी एवं उक्त कार्यकम के अन्तर्गत समीक्षा की गयी। जिसमें जानकारी दी गयी, कि अद्यतन तक 47 नग डी0पी0आर0 (सम्मिलित राजस्व ग्राम 50) की राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिसमें 32 नग डी0पी0आर0 का त्रिपक्षीय अनुबंध भी गठित होने के उपरान्त 02 स्थलों (इकौरापुर व मधूपुर) पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष त्रिपक्षीय अनुबंध बनाये जाने की कार्यवाही नामित एजेंसी द्वारा की जा रही है।

<u>एजेंडा बिंदु संख्या 02:–</u>

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म द्वारा 150 नग राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 विरचित की जानी हैं। जिसमें लक्षित सभी राजस्व ग्रामों की भूमि पेयजल योजना निर्माण हेतु उपलब्ध है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया, कि 50 राजस्व ग्रामों की स्वीकृति राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। फर्म द्वारा 07 नग डीपीआर (सम्मिलित राजस्व ग्राम 17) स्वीकृति हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित की गयी है। फर्म द्वारा यह भी अवगत कराया गया, कि दिनांक 03.11.2021 तक 19 नग डीपीपार (सम्मिलित राजस्व ग्राम 35) एवं दिनांक 20.11.2021 तक 25 नग डीपीआर (सम्मिलित राजस्व ग्राम 48) कुल 150 राजस्व ग्राम की डीपीआर तैयार कर ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित एजेंसी की डीपीआर विरचन की प्रगति एवं कार्यारम्भ में अनावश्यक देरी हेतु रोष व्यक्त किया गया एवं फर्म को आदेशित किया गया, कि दिनांक 20.11.2021 तक लक्षित कुल 150 राजस्व ग्रामों की डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित कर दी जायें।

<u>एजेंडा बिंदु संख्या 03:–</u>

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जल निगम द्वारा 07 डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रेषित की गयी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिधूना | बरका पुर्वा | 164.15 | |
| 2 | बिधूना | पुसौली | 212.72 | |
| 3 | बिधूना | धरमंगदपुर | 250.04 | |
| 4 | बिधूना | उसराहा | 317.95 | |
| 5 | अछल्दा | भुलईपुर | 194.72 | |
| 6 | बिधूना | गैली | 288.50 | |
| 7 | बिधूना | रामनगर | 196.54 | |



Scanned with OKEN Scanner

उक्त 07 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त अनुमोदन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित किये जाने की सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।

<u>अन्य बिंदु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से:-</u>

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित दोनों इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई. एस.ए.) द्वारा योजनाओं के कियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पानी समिति (VWSC) व विलेज एक्शन प्लान के बारे में समीक्षा की गयी। जिसमें ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान की प्रगति/कार्यों पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया, कि आवंटित कलस्टरों से सम्बन्धित पानी समिति (VWSC) व विलेज एक्शन प्लान एक सप्ताह के अन्दर तैयार कर जमा कर दिये जायें।

सधन्यववाद मीटिंग समाप्त हुई।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

907 / W-27 / 512 दि॰ 29-10-21

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला विकास अधिकारी, औरैया।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया।
5. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, औरैया।
6. अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0 खण्ड उ0प्र0 जल निगम, इटावा।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया।
8. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ. प्रदेश।
9. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई.एस.ए.) कृषि एवं शिक्षक प्रबन्धन संस्थान तथा ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया



Scanned with OKEN Scanner